**प्रेस नोट**

**दिनांक 13.10.2025**

## साइबर सुरक्षा जागरुकता माह अक्टूबर के दृष्टिगत, साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।

आज दिनांक 13.10.2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम द्वारा, श्री ब्रह्मानंद डिग्री कॉलेज, राठ में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं छात्र छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम के नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना टीम द्वारा छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों को साइबर अपराध के विभिन्न स्वरूपों, उनसे बचाव के उपायों एवं ऑनलाइन सुरक्षित व्यवहार के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी लोगों को फोन कॉल, सोशल मीडिया, यूपीआई, फिशिंग लिंक, ऑनलाइन फ्रॉड आदि माध्यमों से ठगने का प्रयास करते हैं। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से अपील की, कि वे किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी या बैंक संबंधित जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा किसी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल टोल फ्री नम्बर 1930 या www.cybercrime.gov.in पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें। साइबर थाना टीम द्वारा विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से जुड़े वास्तविक मामलों के उदाहरणों के माध्यम से सतर्क रहने के व्यावहारिक तरीके बताए गए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने प्रतिभाग किया और साइबर सुरक्षा से संबंधित प्रश्न भी पूछे जिनका समाधान टीम द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य साइबर अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित कार्रवाई की क्षमता को और सुदृढ़ करना है।